53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 11.0°c | अधिकतम 24.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:50, सूर्यास्त - 6:15 | वर्ष : 53/ अंक : 54 | सोमवार, 24 फरवरी 2025 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, एकादशी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

खोई हुई चीज अक्सर खूबसूरत लगने लगती है, जैसे वक्त और बचपन

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

मैं कन्नौज में मंदिर गया, उसे गंगाजल से धुलवाया, अब तो मैं गंगा जी में नहा आया, गंगा जी को कैसे धोएंगे : अखिलेश यादव



वहाँ तो गंगा जल प्रतिपल बह रहा है... प्रतिपल शुद्ध है....

# जिलाधिकारी की एक और शानदार पहल : नहीं चलने दी जाएंगी अवैध ई- रिक्शाएं





**मुजफ्फरनगर, 23 फरवरी (बु.)।** लम्बे समय के बाद सड़क पर पैदल चलने वालों की सुध लेने में प्रशासन ने अपनी पहल शुरू की है। यूं तो गाइडलाइन जारी करके यातायात पुलिस अधीक्षक अतुल चौबे द्वारा कांवड़ यात्रा मार्ग पर ई- रिक्शा चलाने पर पूर्णतया प्रतिबंध लगा दिया गया है इसी के साथ साथ अवैध ई- रिक्शाओं पर भी प्रशासन द्वारा फिर एक बार कार्यवाही शुरू कर दी है। पहले ही दिन सैंकडों अवैध ई-रिक्शाओं को पकड़कर एक स्थान पर एकत्रित किया गया है, जैसा कि प्रशासन द्वारा अवैध ई-रिक्शाओं के विरुद्ध अभियान चलाया गया तो अवैध ई रिक्शा चालकों में हड़कम्प मच गया और ाधे से अधिक अवैध ई- रिक्शाएं एकाएक सड़कों से गायब हो गयी और आमजन ने सड़कों पर चलने में बड़ी राहत महसूस की। अब देखना यह होगा कि उक्त अभियान कितने दिन तक चलता है और कितने दिन तक अवैध ई- रिक्शाएं नगर की सड़कों से खत्म की जाती हैं। बताया जाता है कि उक्त अभियान भी डीएम उमेश मिश्रा के आदेशों के बाद ही चलाया गया है।

## वोट बंटोरने के लिए अब शुरू होगा नेतागिरी का दौर

**मुजफ्फरनगर।** लगभग दो महीने पहले अवैध ई- रिक्शाओं के खिलाफ भी अभियान चलाया गया था। इस अभियान के दौरान तीस से अधिक छोटे-बड़े नेताओं की सिफारिशें इन अवैध अवैध ई- रिक्शाओं को छुड़वाने के लिए अधिकारियों पर गयी थी। मजबूरन अधिकारियों ने बीच में ही अभियान को रोक दिया था मगर आम जनता इस बात को भलीभांति समझती है कि सड़कों पर पैदल चलने वालों को नेता कीड़ा मकौड़ा समझते हैं और अवैध ई-रिक्शा चालकों को अपना वोट बैंक। इसी वोट बैंक और अपनी वाहवाही बंटोरने के लिए नेताजी अधिकारियों पर दबाव बनाते हैं और अवैध ई- रिक्शाएं चलाने का गुपचुप समर्थन करते हैं। इस बार यह बीड़ा जिलाधिकारी ने खुद उठाया है, जिसके चलते नेताजी जी जरा कम सिफारिश करें तो बेहतर होगा। नेताजी जब इन अवैध ई- रिक्शा चालकों की सिफारिश करते हैं तो अधिकारियों को उनकी गरीबी की दुहाई देते हैं। ऐसे में वे भूल जाते हैं कि नेताओं के परिवार के लोग तो वीआईपी तरीके से अपने गनर का रौब गालिब करते हुए इन भीड़भरे रास्तों से आसानी से गुजर जाते हैं, मगर जाम में फंसा रहता है आम आदमी। यदि इन आम आदमियों ने अपने वोट का रुख कहीं और करना शुरू कर दिया तो ये सिफारिशें धरी की धरी रह जाएंगी। इसलिए कोशिश करें कि अवैध कामों को बल देने के लिए गरीब हो या अमीर किसी के नाम की सिफारिश किसी भी दल के नेता न ही करें तो बेहतर होगा।

# कैंटर की चपेट में आकर ताऊ-भतीजे की मौत

## पौत्री भी हुई गंभीर रूप से घायल, मेरठ रैफर

बुढ़ाना, 23 फरवरी (बु.)। कैंटर की चपेट में आकर एक ही बाइक पर सवार ताऊ-भतीजे की दर्दनाक मौत हो गयी, जबकि मासूम पौत्री घायल हो गयी। जिसको मेरठ के लिए रैफर कर दिया गया है, जहां पर उसकी भी हालत को गंभीर बताया जा रह है। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया।

मिली जानकारी के अनुसार लगभग 56 वर्षीय दीन मोहम्मद मलिक पुत्र सुल्तान अहमद अपने सगे भतीजे 25 वर्षीय शहजाद पुत्र अली मौहम्मद और अपनी 6 वर्षीय पौत्री अनाया के साथ मोटर साइकिल पर सवार होकर बुढ़ाना सर्किल के गांव सठेड़ी में किसी रिश्तेदार की मौत में जा रहा था। जब तीनों रतनपुरी थाने से पहले काली नदी के पुल पर आए, तो विपरीत दिशा से तेज गति से आ रहे एक कैंटर चालक ने कैंटर की जोरदार टक्कर मोटर साईकिल में मार दी और तीनों को कुचलता हुआ कैंटर सहित फरार हो गया। आते-जाते राहगीरों की सूचना पर रतनपुरी पुलिस और कल्याणपुर पुलिस चौकी के पुलिसकर्मी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में पहुंचाया, जहां पर चिकित्सकों ने ताऊ व भतीजे को मृत घोषित कर दिया और अनाया को गंभीर हालत में मेरठ के लिए रैफर कर दिया। घटना की सूचना रतनपुरी पुलिस ने मृतक के मोबाइल फोन के आधार पर उनके परिजनों को दी, तो परिजनों में जबरदस्त कोहराम मच गया। पुलिस ने दोनों मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अज्ञात केंटर चालक की तलाश सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर शुरू कर दी थी। मृतक शहजाद की लगभग 06 महीने पहले ही शादी हुई थी। घटना रविवार की सुबह 08 बजे की बताई जा रही है।





# पाकिस्तान पर भारत की विराट जीत, गली-गली में मना जश्न







**मुजफ्फरनगर, 23 फरवरी (बु.)।** रविवार को दुबई में हुए भारत-पाक के मैच में विराट कोहली के शानदार शतक और अंतिम बॉल पर चौके के साथ शतक के बाद भारत में कई वर्षों बाद अभूतपूर्व जश्न मना। जैसे ही चौका लगा तो हर गली से पटाखों की गूंज सुनाई दी। शिवचौक पर मंत्री कपिल देव अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला सहित हजारों लोगों की भीड़ जश्न मनाने के लिए शहर के हर इलाके से इकट्ठा हो गयी। एक-दूसरे को मिठाई व भगवान शिव का घंटा बजाकर जीत का जश्न मनाया गया। आसमान को छूने वाली आतिशबाजी ने पूरे शहर को गुंजायमान किया। भारत माता की जय के जमकर नारे लगाए गए। मुजफ्फरनगर के कुछ लोग इस जश्न को देखने के लिए दुबई पहुंचे थे, उन्होंने भी दुबई में ही भारत का झण्डा लहराया और उसकी फोटो मुजफ्फरनगर बुलेटिन के साथ साझा की। आपको बता दें कि पाकिस्तान ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया, जिसमें पाकिस्तान ने 241 रन बनाकर भारत को जीत के लिए 242 रनों का लक्ष्य दिया था। शानदार पारी खेलते हुए भारत ने इस लक्ष्य को 42 ओवर 3 गेंदों में ही इस लक्ष्य को पूरा कर लिया। बड़ी बात यह रही कि आखिरी बॉल पर विराट कोहली ने चौके के साथ जीत तो दर्ज की ही साथ ही अपने शतक को भी पूरा किया। ऐसा होता देख पूरे देश की खुशी दो गुनी हो गयी और लोग सड़कों पर आतिशबाजी के लिए उतर गए। देर रात तक शिवचौक पर यह जश्न चलता रहा। इसी बीच एक डीजे कांवड़ आ जाने से जश्न में चार चांद लग गए। लोगों ने खूब जमकर डीजे की धुन पर भोले की भक्ति में नृत्य किया।

# दो समुदाय के लोगों में चले लाठी डंडे, दो घायल

**शाहपुर, 23 फरवरी (बु.)।** कस्बे के मौहल्ला गोकुलपुर निवासी सुशील ने तहरीर देकर बताया कि शनिवार की शाम उसका भतीजा जितेंद्र व पुत्री काजल घर में बैठे हुए पढ़ रहे थे। इसी दौरान मौहल्ले के ही हनीफ व साजिद उर्फ साजू के बच्चे उनके घर के पास शोर मचा रहे थे। उसके भतीजे ने उन्हें शोर मचाने से मना करते हुए उन्हें धमकाकर वहां से भेज दिया। थोड़ी देर बाद हनीफ अपनी पत्नी वकीला व पुत्र साजिद उर्फ साजु के अलावा घर की चार पांच महिलाओं के साथ लाठी-डंडे लेकर उसके घर पहुंचा और उसके भतीजे के साथ मारपीट की, जिसमें वह घायल हो गया। पड़ोसियों ने आकर उसे बचाया। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की है । सुशील पक्ष के युवक के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद बघरा योग साधना के संस्थापक स्वामी यशवीर महाराज ने सोशल मीडिया पर पुलिस से आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तार करने की मांग की । यशवीर महाराज ने चेतावनी दी यदि पुलिस मुकदमा दर्ज नहीं करती, तो वह हिंदू समाज के लोगों के साथ आरोपियों के घर धरना देंगे । बताया गया कि घटना के दौरान दूसरी पक्ष की एक महिला भी घायल हुई है । पुलिस ने बताया कि तहरीर मिली है और मामले की जांच कर कार्यवाही की जाएगी ।

**वीडियो वायरल होने के बाद यशवीर महाराज ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की**





## मंसूरपुर थाने में वारंटी वृद्ध की हालत बिगड़ी, आलाधिकारी मौके पर पहुंचे

**मुजफ्फरनगर, 23 फरवरी (बु.)।** मंसूरपुर थाने की हवालात में रविवार की रात एकाएक एक वृद्ध वारंटी की हालत बिगड़ गयी, जिसे आनन-फानन में मुजफ्फरनगर मेडिकल ले जाया गया। जैसे ही इसकी सूचना आला अधिकारियों को मिली तो एसपी सिटी व सीओ खतौली जांच के लिए थाने पहुंचे। आपको बता दें कि मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव नौना में 55 वर्षीय रामकिशोर कश्यप पुत्र स्व. कलीराम का वर्ष 2015 में पड़ौसी सुभाष के साथ झगड़ा हो गया था, जिसमें पड़ौसी ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया था। मामला न्यायालय में विचाराधीन है। लगभग एक पखवाड़ा पूर्व वृद्ध रामकिशोर के विरुद्ध वारंट जारी हुआ था, जिसके चलते पुलिस ने कानून का पालन करते हुए वृद्ध के घर पर दबिश दी थी मगर वृद्ध हाथ नहीं लगा। 23 फरवरी को प्रातः 11 बजे वृद्ध पुलिस की पकड़ में आ गया, जिसे वह हवालात ले आई। मगर दोपहर तक वृद्ध की हालत बिगड़ गयी, जिसे पुलिसकर्मियों ने आनन-फानन में मुजफ्फरनगर मेडिकल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार चल रहा है। वृद्ध के पुत्र सचिन के अनुसार उसके पिता ने जहरीला पदार्थ निगला है, जिससे उनकी तबीयत बिगड़ गयी। घटनाक्रम के बाद परिजन अस्पताल पहुंचे और यह पता करने की कोशिश की वृद्ध व जहर लाया कहां से था। जैसे ही पुलिस को वृद्ध द्वारा जहर खाने की सूचना मिली तो एसपी सत्य नारायण प्रजापत, सीओ खतौली रामाशीष यादव मंसूरपुर थाने पहुंचे और सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ साथ परिजनों से पूछताछ की। पुलिस ने समाचार लिखे जाने तक जहरीला पदार्थ निगलने से इंकार किया है।

## पुलिस से हाथापाई कर वारंटी को छुड़वाया, दस नामजद

**मुजफ्फरनगर, 23 फरवरी (बु.)।** बुढ़ाना थाना क्षेत्र के गांव अलीपुर अटेरना में वारंटी को पकड़ने गयी पुलिस से ग्रामीणों द्वारा पुलिस से छुड़ाने का मुकदमा दर्ज हुआ है, जिसमें प्रशिक्षु दरोगा ने महिलाओं समेत दस नामजद व अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया है। बुढ़ाना कोतवाली के प्रशिक्षु दरोगा आशीष चौधरी द्वारा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करते हुए बताया गया कि अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन कोर्ट संख्या-1 मुजफ्फरनगर द्वारा इरशाद उर्फ काला पुत्र कालू निवासी गांव अलीपुर अटेरना के गैर जमानती वारंट जारी किये गए थे, जिसको लेकर दरोगा आशीष चौधरी अपने हमराहियों के साथ इरशाद के घर पहुंचे और उसे हिरासत में ले लिया। मौके पर मौजूद शहजाद पुत्र हमीद, सलीम पुत्र यामीन, तरन्नुम पत्नी इरशाद, मुंत्याज व दिलशाद पुत्रगण कालू, नाजमा पत्नी इरफान, कालू पुत्र दिलावर, शमशीदा पत्नी दिलशाद, सलीम पुत्र यामीन राजहसन पुत्र दिलावर, शहजाद पुत्र राजहसन व कुछ अज्ञात लोगों ने पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की व हाथापाई कर इरशाद पुत्र काला को जबरदस्ती पुलिस कब्जे से छुड़ाकर भगा दिया। पुलिस ने इसी मामले में उक्त सभी दस लोगों को नामजद किया है।

## नाबालिग छात्रा को बाइक पर लिफ्ट देकर दुष्कर्म

**चरथावल, 23 फरवरी (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव में नाबालिग छात्रा को बाइक पर लिफ्ट देकर दुष्कर्म के आरोपी समेत चार के खिलाफ सहयोग करने के आरोप में मुकदमा कायम कराया है। थाना क्षेत्र के बिरालसी क्षेत्र का मामला है। 21 फरवरी को एक छात्रा मुजफ्फरनगर शहर के कॉलेज से पढ़ने के बाद वापस आ रही थी। वह बीटेक की छात्रा है। आरोप है बिरालसी में एक युवक की बाइक पर उसने लिफ्ट ली। वह बाइक पर लिफ्ट लेकर अपने गांव की तरफ चल दी, लेकिन रास्ते में रोककर उसके साथ घिनौनी हरकत शुरू कर दी और रेप किया और उसके तीन साथियों ने मौके पर खड़े होकर सहयोग किया। छात्रा किशोरी बताई गई है। घटना के दिन पीड़िता की मां बाहर थी। गांव में नहीं थी। 22 फरवरी को मां के आने के बाद छात्रा ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने चार के खिलाफ पॉक्सो और रेप की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया। प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया एक आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म एवं तीन के खिलाफ सहयोग करने के आरोप में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। आरोपियों की धरपकड़ को दबिश दी जा रही है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से ट्रैक्टर सवार की मौत

**जानसठ, 23 फरवरी (बु.)।** क्षेत्र के पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बिजलीघर के सामने चारा लेकर मुजफ्फरनगर जा रहे छोटे ट्रैक्टर-ट्रॉली में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे ट्रैक्टर चालक सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को सीएचसी जानसठ पहुंचाया, जहां पर उपचार के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई है। रविवार की अल सुबह लगभग चार बजे मीरापुर क्षेत्र के गांव गढ़ी मुझेड़ा निवासी 70 वर्षीय आस मोहम्मद पुत्र हनीफ छोटे ट्रैक्टर-ट्रॉली में चारा भरकर अपने गांव से अपने भतीजे 60 वर्षीय नूर मोहम्मद पुत्र हसन अली को साथ लेकर मुजफ्फरनगर जा रहा था, जब यह लोग पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर जानसठ बिजलीघर के पास पहुंचे, तो अज्ञात वाहन ने इनके ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से चारे से भरा हुआ ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गया, जिससे नूर मोहम्मद और आस मोहम्मद गंभीर रूप से घायल हो गये। अज्ञात वाहन चालक टक्कर मार कर वहां से फरार हो गया। किसी ने पुलिस को इस दुर्घटना की जानकारी दी। पुलिस ने दोनों को सीएचसी जानसठ में भर्ती कराया। जहां पर उपचार के दौरान नूर मोहम्मद की मौत हो गई। नूर मोहम्मद की मौत से स्वजन में कोहराम मच गया। स्वजन ने कोई भी कानूनी कार्यवाई करने से इनकार कर दिया। थाना प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि चारा भरकर मुजफ्फरनगर बेचने जा रहा छोटा ट्रैक्टर-ट्रॉली बिजलीघर के सामने पलट गया था, जिसमें नूर मोहम्मद और आस मोहम्मद गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उपचार के दौरान नूर मोहम्मद की मौत हो गई। स्वजन ने कोई भी कानूनी कार्यवाई करने से मना कर दिया। शव का पंचनामा भरकर स्वजन को सौंप दिया।

GOLDEN PUBLIC SCHOOL

Co-educational Sr. Secondary School Affiliated to CBSE, New Delhi

ADMISSIONS OPEN 2025-26

PLAY TO IX & XI (Science, Commerce & Humanities)



"THE FUTURE OF YOUR CHILD BEGINS HERE"

- Safe and Secure CCTV Campus, Lush Green & Pollution Free Environment
- Truly Dedicated, Committed and Trained Teachers
- 100% Board Result of Class X and XII
- Focus on Effective Communication Skills
- Participation of Students in Olympiads, Interschool, State, National and International (Model United Nations) Events
- Transport Available on All Routes

- NO ADMISSION FEE FOR CLASSES PLAY TO VI
- SIBLING DISCOUNT

Registration forms are available for admission on all working days between 10:00 am to 03:00 pm

PACHENDA ROAD, MUZAFFARNAGAR

Email: golden.publicmzn@gmail.com | Talk with us: 0131-2413427, +91 9997589620

Website: www.gpsmzn.in | goldenpublicschoolmuzaffarnagar

# अब बदलेगी झांसी की रानी पार्क की दशा और दिशा

## करीब डेढ़ करोड़ रुपए का प्रस्ताव तैयार, डीएम की स्वीकृति के बाद होगा कायाकल्प

**मुजफ्फरनगर, 23 फरवरी (बु.)।** नगरपालिका परिषद् द्वारा इसी वित्तीय वर्ष में विकास कार्यों के लिए प्राप्त धनराशि से नगर में बदलाव की शुरू कवायदों के बीच चेयरपर्सन द्वारा झांसी की रानी पार्क का सौन्दर्यकरण और कायाकल्प करने की तैयारी की है। यहां झांसी की रानी वीरांगना लक्ष्मीबाई की पुरानी प्रतिमा को हटाने के साथ नये कार्य कराने की योजना है। इसके लिए निर्माण विभाग ने डीएम की स्वीकृति पाने को प्रस्ताव तैयार कर लिया है।

चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप मेरठ रोड कंपनी बाग कायाकल्प के बाद दूसरा बड़ा प्रोजेक्ट झांसी रानी पार्क के सौन्दर्यकरण के रूप में लेकर आई है। इसमें उन्होंने अंग्रेजों को अपने जौहर के बूते पछाड़ने वाली वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की शहादत को नमन करते हुए उनके स्मारक को वर्षों से बनी दयनीय स्थिति से उबारते हुए आकर्षक पार्क में बदलने की योजना पर काम शुरू किया है। चेयरपर्सन ने बीते कई वर्षों से देखरेख के अभाव में दयनीय स्थिति में पड़े पार्क की दशा व दिशा सुधारने को कदम बढ़ाए हैं। शहर के बीच सबसे पुराने इस पार्क के सौन्दर्यकरण के लिए चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने स्मारक का पूरी तरह कायाकल्प करने की तैयारी कर ली है। पालिका निर्माण विभाग के एई अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि पालिका चेयरपर्सन के निर्देश पर झांसी रानी स्मारक पार्क का कायाकल्प करने की कार्ययोजना बनाई गई है। इसके लिए प्राइवेट आर्किटेक्ट से प्रोजेक्ट डिजाइन बनवाया गया है। इसमें रानी झांसी लक्ष्मीबाई की पुरानी प्रतिमा को हटवाकर वहां नई प्रतिमा लगाई जायेगी। इसके लिए प्रस्ताव तैयार किया गया है।

**इन्होंने कहा-**

"चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने बताया कि 15वें वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से हमने रानी झांसी लक्ष्मीबाई स्मारक पार्क सौन्दर्यकरण की कार्ययोजना बनाई है। इसके तहत करीब डेढ़ करोड़ रुपये का प्रस्ताव निर्माण विभाग के माध्यम से तैयार कराया है। इसमें नई प्रतिमा लगाने के साथ लाइटिंग फाउंटेन, बाउंड्री वॉल, बागवानी, झूले व व्यायाम संसाधन लगाने का काम किया जायेगा। प्रस्ताव जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली कमेटी के समक्ष रखा जायेगा। यह स्वीकृति मिली तो बदहाल झांसी की रानी पार्क की सूरत-ए-हाल बदलेगी और यह शहर का एक आकर्षक व आदर्श पार्क बनेगा। हमें उम्मीद है कि जिलाधिकारी झांसी रानी पार्क के कायाकल्प के इस प्रस्ताव को अपनी मंजूरी प्रदान करेंगे। इसी प्रकार भविष्य में दूसरे पार्क और चौराहों का भी सौन्दर्यकरण करने का काम किया जायेगा।"

## करीब 65 वर्ष बाद बदलेगी रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा



**मुजफ्फरनगर, 23 फरवरी (बु.)।** नगर क्षेत्र में आकर्षण व पहचान बने झांसी रानी पार्क को करीब 65 वर्ष पूर्व शहर के लोगों को सौगात के रूप में बनवाया गया था। यह कई पुरानी मार्किट के बीच इसलिए बनाया गया ताकि यहां आने वाले शहर और गांव देहात के लोगों को कुछ देर विश्राम करने का मौका मिले। इसका निर्माण और लोकार्पण उस दौर में सिटी बोर्ड के अध्यक्ष रहे केशव गुप्ता के कार्यकाल में हुआ था। यह भी संयोग है कि झांसी रानी लक्ष्मीबाई स्मारक पार्क के निर्माण से आज कायाकल्प की योजना तक स्वरूप परिवार का योगदान भी शामिल रहा है। सिटी बोर्ड के 65 वर्ष पुराने चेयरमैन केशव गुप्ता के नेतृत्व वाले बोर्ड के कार्यकाल में जब रानी लक्ष्मी बाई के स्मारक का निर्माण किया गया तो स्वरूप परिवार के शाह जी विष्णु स्वरूप बंसल उस बोर्ड के मैम्बर निर्वाचित हुए थे। इसके बाद 1967 में विष्णु स्वरूप ने शहर विधानसभा से निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ा और कांग्रेस के सीटिंग विधायक केशव गुप्ता को पराजित किया था। 1974 में उनके छोटे भाई चितरंजन स्वरूप राजनीतिक विरासत आगे बढ़ाते हुए विधायक बने थे। आज करीब 65 वर्ष के बाद जब इस स्मारक का कायाकल्प कर यहां नई प्रतिमा लगवाने की योजना पर नगरपालिका की ओर से काम शुरू हुआ है तो इसी स्वरूप परिवार की बहू मीनाक्षी स्वरूप चेयरमैन के रूप में इस विकास के योगदान का हिस्सा बनी हैं।





1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## बागेश्वर धाम में कैंसर हॉस्पिटल

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने कल रविवार को छतरपुर के बागेश्वर धाम में बागेश्वर धाम मेडिकल एंड साइंस रिसर्च इंस्टिट्यूट की आधारशिला रखी। यह अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल होगा, जहां गरीब मरीजों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। इसके पहले पीएम मोदी ने वहां मंदिर में बालाजी की पूजा की। धीरेंद्र शास्त्री ने मंच से प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की भूरि भूरि प्रशंसा की। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी 23 से 25 फरवरी तक मध्य प्रदेश, बिहार और असम के दौरे पर हैं। आज प्रधानमन्त्री निवेशक शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। शिखर सम्मेलन में 60 से अधिक देशों के प्रतिनिधि, विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संगठनों के अधिकारी और भारत के 300 से अधिक कारोबारी और नीति-निर्माता इस शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। आज पीएम मोदी भागलपुर से प्रधानमन्त्री किसान योजना की 19वीं किस्त जारी करेंगे। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी आज शाम असम में सांस्कृतिक कार्यक्रम झुमोर बिनंदिनी में शरीक होंगे और अगले दिन निवेश एवं बुनियादी ढांचा शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। झुमोर बिनंदिनी, असम का एक लोक नृत्य है। मोदी मंगलवार को गुवाहाटी में एडवांटेज असम निवेश और बुनियादी ढांचा शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमन्त्री को धीरेंद्र शास्त्री ने बालाजी का विग्रह भेंट किया। उन्होंने सनातन धर्म पर लिखी किताब और स्मृति चिह्न भी भेंट किया। धीरेन्द्र शास्त्री ने प्रधानमन्त्री के लिए कहा कि हम बहुत उत्साहित हैं, पीएम मोदी वीरों, हीरों, संत और महंतों की धरती पर आए हैं। दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता यहां हैं। हम आपका अभिनंदन करते हैं। यह एक बेहतरीन पल है। आभार के लिए शब्द काफी नहीं हैं। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप भी कहते हैं 'भारत के महान पीएम'' धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि हमारे पास एक अलग तरह के पीएम हैं, जो गाय, गंगा और गरीब की बात करते हैं। वह दिल से सेवा करते हैं। उन्होंने राम मंदिर की लड़ाई जीती है, जब हमने छोटा सा न्योता दिया, उन्होंने तुरंत स्वीकार कर लिया। हमने ऐसा पीएम पाया है, जो जवानों और किसानों के लिए बात करते हैं। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि पीएम मोदी का विजन और मिशन देश को विकसित भारत बनाना है। अब तक अस्पतालों में मंदिर होते थे, अब मंदिर में अस्पताल होगा। भारत तेजी से विकास कर रहा है। विश्वामित्र का भारत विश्व मित्र की भूमिका अदा कर रहा है। पीएम मोदी ने अपने सम्बोधन में कहा कि मेरे छोटे भाई धीरेंद्र शास्त्री काफी समय से देश में एकता के मंत्र को लेकर लोगों को जागरूक करते रहे हैं। अब उन्होंने समाज और मानवता के हित में एक और संकल्प लिया है। इस कैंसर संस्थान के निर्माण की ठानी है। यानि, अब यहां बागेश्वर धाम में भजन, भोजन और निरोगी जीवन तीनों का आशीर्वाद मिलेगा। हमारे मंदिर, हमारे मठ, हमारे धाम ये एक ओर पूजन और साधन के केंद्र रहे हैं, तो दूसरी ओर विज्ञान और सामाजिक चेतना के भी केंद्र रहे हैं। बागेश्वर धाम में 218 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले कैंसर अस्पताल के लिए 10.925 हेक्टेयर भूमि चिन्हित की जा चुकी है और इसे अगले 36 महीनों में पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पहले चरण में 100 बिस्तरों की सुविधा उपलब्ध होगी, जिसमें अत्याधुनिक मशीनों और विशेषज्ञ चिकित्सकों के माध्यम से गरीब कैंसर रोगियों का निःशुल्क उपचार किया जाएगा। इस अवसर पर बागेश्वर धाम ने घोषणा की कि इस अस्पताल में प्रधानमन्त्री जी की माताजी के नाम से एक वॉर्ड बनाया जाएगा। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि भारत में कितनी धार्मिक संस्थाओं और ट्रस्ट द्वारा अस्पताल और रिसर्च इंस्टीट्यूट चलाए जा रहे हैं। करोड़ों लोगों का सेवा और इलाज इन संस्थाओं में होती है। यहीं पास में चित्रकूट में दिव्यांगों और मरीजों की सेवा का बड़ा केंद्र है। पीएम ने कहा कि मुझे खुशी है इस गौरवशाली परंपरा में बागेश्वर धाम के रूप में एक और नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। अब बागेश्वर धाम में आरोग्य का आशीर्वाद भी मिलेगा। प्रधानमन्त्री मोदी ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ को एकता का महाकुंभ बताया। उन्होंने महाकुंभ में सफाई कर्मियों और पुलिसकर्मियों के योगदान की प्रशंसा की। साथ ही यहां समाजसेवी संस्थाओं द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि आजकल हम देख रहे हैं कि महाकुंभ की हर तरफ चर्चा हो रही है। महाकुंभ अब पूर्णता की ओर है। अब तक करोड़ों लोग वहां पहुँच चुके है, करोड़ों लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई है। अगर इस महाकुंभ की ओर देखें तो सहज भाव उठता है कि ये एकता का महाकुंभ है। आने वाली सदियों तक 144 वर्षों बाद हुआ एकता का महाकुंभ प्रेरणा रहेगा। यहां लोग सेवाभाव से लगे हुए हैं, जो भी कुंभ में गया है एकता के दर्शन तो किए ही हैं, लेकिन जिन-जिनसे मेरा मिलना हुआ है, दो बातें महाकुंभ में गए हर व्यक्ति ने कही है। पहली बात ये कि वे वहां के स्वच्छता कर्मियों के गुणगान करते है। स्वच्छताकर्मी चौबीसों घंटे जिस भाव से स्वच्छता का कार्य संभाल रहे हैं, मैं इसके लिए उन सभी का आदरपूर्वक नमन करता हूं। दूसरी विशेषता है पुलिस कर्मियों का योगदान। पुलिस वहां साधक सेवाव्रती की तरह पूरी नम्रता के साथ काम कर रही है। देश के कोटि-कोटिजनों को संभालकर इस एकता के महाकुंभ में पुलिस कर्मियों ने देश के लोगों का दिल जीत लिया है। वे भी बधाई के पात्र है। इस अवसर पर प्रधानमन्त्री ने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि आज के समय में नेताओं का एक वर्ग ऐसा भी है, जो धर्म का मखौल उड़ाता है, जो लोगों को तोड़ने में जुटा है। उन्होंने कहा कि बहुत बार विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देकर देश और धर्म को कमजोर करने की कोशिश करती दिखती है। हिंदू आस्था से नफरत करने वाले ये लोग सदियों से किसी न किसी भेष में रहते आए हैं। पीएम ने कहा कि गुलामी की मानसिकता से गिरे हुए लोग हमारे, मत मान्यताओं और मंदिरों पर, हमारे संत, संस्कृति और सिद्धांतों पर हमला करते रहते हैं। ये लोग हमारे पर्व परंपराओं और प्रथाओं को गाली देते हैं। जो धर्म, संस्कृति स्वभाव से ही प्रगतिशील है, उस पर ये कीचड़ उछालने की हिम्मत दिखाते हैं। हमारे समाज को बांटना उसकी एकता को तोड़ना ही इनका एजेंडा है। प्रधानमन्त्री ने कहा कि बहुत ही कम दिनों में मुझे दूसरी बार वीरों की इस धरती बुंदेलखंड आने का सौभाग्य मिला है और इस बार तो बालाजी का बुलावा आया है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

**'सत्ता' 'बोझ' 'मकसद' 'नजर'**

सत्ता के लिए एक बोझ है वो,हर ओर यही बस चर्चा है,
फिर भी वो सियासत करता है,चर्चा से उसे मतलब ही नहीं।
वो बोलता रहता है कुछ भी,बकवास ही मकसद है उसका,
जाहिल की नजर है सत्ता पर, सेवा से उसे मतलब ही नहीं।







# जश्न-ए-किड्जी-2025 का दूसरा दिन – "Genesis सृष्टि का सृजन"

मुजफ्फरनगर, 23 फरवरी (बुस.)। जानसठ रोड स्थित किड्जी अक्षरम- द पब्लिक स्कूल के भव्य वार्षिक महोत्सव "जश्न-ए-किड्जी 2025" के दूसरे दिन का आयोजन शनिवार को किया गया। इस वर्ष की थीम "Genesis - सृष्टि का सृजन" रही, जिसमें सृष्टि के निर्माण, प्रकृति के महत्व और देव शक्तियों के योगदान को मनोरंजक व सांस्कृतिक रूप में प्रस्तुत किया गया। इस भव्य आयोजन में कक्षा जूनियर केजी, सीनियर केजी, ग्रेड-1 और ग्रेड-2 के बच्चों ने नृत्य, नाटक और संगीत के माध्यम से भगवान ब्रह्मा द्वारा सृष्टि के निर्माण, भगवान विष्णु द्वारा विभिन्न अवतारों के माध्यम से इसकी रक्षा और भगवान शिव द्वारा सृष्टि के संतुलन को दर्शाया। इस विशेष मंचन ने भारतीय संस्कृति, पौराणिक कथाओं और आध्यात्मिकता को उजागर किया, जिससे बच्चों को अपनी समृद्ध विरासत को समझने और सीखने का अवसर मिला। इस आयोजन में विशिष्ट अतिथि शुभम सक्सेना (रीजनल मैनेजर - नॉर्थ, जी-लर्न), अंकित हरित (टेरेटरी मैनेजर - नॉर्थ, जी-लर्न), और श्रीमोहन तायल (भाजपा नेता) की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। किड्जी अक्षरम - द पब्लिक स्कूल के निदेशक डॉ. रजत जिंदल ने इस अवसर पर कहा कि "हमारी संस्था न केवल शैक्षिक उत्कृष्टता प्रदान करने में अग्रणी है, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास पर भी विशेष ध्यान देती है। 'जश्न-ए-किड्जी' जैसे आयोजनों के माध्यम से हम बच्चों को उनकी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने और आत्मविश्वास बढ़ाने का प्रयास करते हैं। किड्जी अक्षरम अपने अभिनव शिक्षण तरीकों और समर्पित शिक्षकों के प्रयासों से एक प्रेरणादायक शिक्षण संस्थान के रूप में उभर रहा है।" अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि "Genesis- सृष्टि का सृजन" सिर्फ एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक ऐसा मंच बन गया, जहाँ बच्चों ने भारतीय पौराणिक कथाओं, आध्यात्मिकता, और सृष्टि के गूढ़ रहस्यों को नाटकीय रूप में प्रस्तुत किया। यह आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास, रचनात्मकता और अभिव्यक्ति कौशल को निखारने में सहायक होगा। कार्यक्रम का आयोजन किड्जी अक्षरम के परिसर में हर्षोल्लास और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ, जिसमें बच्चों के माता-पिता और अभिभावकों ने भी भाग लिया और अपने नन्हे कलाकारों की अद्भुत प्रस्तुतियों का आनंद लिया।

# पटेलनगर जैन मंदिर में मना वार्षिकोत्सव, पालिका चेयरपर्सन ने चढ़ाया श्रीफल

मुजफ्फरनगर, 23 फरवरी (बु.)। नई मंडी के मौ. पटेलनगर स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर का रविवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर की महिमा का गुणगान किया। इस अवसर पर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने भी मंदिर परिसर में पहुंचकर भगवान श्रीजी महावीर को श्रीफल भेंट करते हुए पूजा अर्चना की। उन्होंने जैन समाज के लोगों को वार्षिक उत्सव की बधाई भी दी। मुनीम कॉलोनी के पटेलनगर स्थित श्री 1008 शांतिनाथ दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर समिति की ओर से रविवार को मंदिर श्री का वार्षिक रथयात्रा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। यहां पहुंचे अतिथियों का मंदिर समिति पदाधिकारियों ने पटका, माला पहनाने के साथ ही तिलक करते हुए स्वागत किया। इसके बाद विभिन्न धार्मिक क्रियाओं को पूर्ण कराया गया। वार्षिकोत्सव के अवसर पर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप भी वार्ड सभासद सीमा जैन एवं युवा भाजपा नेता विकल्प जैन के साथ श्री मंदिर में पहुंची। यहां पदाधिकारियों ने उनका





स्वागत और अभिनंदन किया। इस दौरान मीनाक्षी स्वरूप ने सभासद सीमा जैन और अन्य श्रद्धालुओं के साथ भगवान श्री को श्रीफल भेंट करते हुए सभी की सुख समृद्धि और कल्याण के लिए प्रार्थना की और जैन समाज को मंदिर के इस उत्सव के लिए बधाई भी दी। इस दौरान मुख्य रूप से चन्द्रमोहन जैन, हंस कुमार जैन, जितेन्द्र जैन टोनी, सतीश जैन, रवि जैन, अशोक जैन, विरेन्द्र जैन, सुरेश जैन सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे। पूजा अर्चना के बाद मंदिर परिसर से भगवान श्रीजी की भव्य रथयात्रा प्रारंभ हुई, जो नई मंडी क्षेत्र में विभिन्न मार्गों से होकर निकाली गई। बैंडबाजों एवं श्रीजी रथ पर सवार होकर भक्ति भाव के साथ में जैन समाज के श्रद्धालुओं ने इस दौरान रथयात्रा में शामिल होते हुए धर्म लाभ उठाया। विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी रथयात्रा देर सायं वापस मंदिर परिसर पर पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान जैन समाज के महिला और पुरुष तथा बच्चे झूमते नाचते हुए भगवान महावीर की महिमा का गुणगान करते नजर आये।

## मॉर्निंग वॉक पर निकले रिटायर्ड शिक्षक की मिली सिर कटी लाश




जालौन, 23 फरवरी (एजेंसी)। रामपुरा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह सेवानिवृत्त शिक्षक की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी गई। सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर हत्या को लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। रामपुरा थाना क्षेत्र स्थित सिलऊवा के रहने वाले विद्याराम (65) रोज की तरह भीमनगर की ओर पुलिया पर योग कर रहे थे। इसी दौरान हमलावरों ने उनकी गर्दन पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमला कर उनका सिर धड़ से अलग कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस का मानना है कि हत्यारे को शिक्षक की दिनचर्या की पूरी जानकारी थी। विद्याराम जाटव भीमनगर में तीन विद्यालयों का संचालन करते थे। वहीं, परिजनों के मुताबिक, वर्ष 2019 में उन्होंने रामखिलावन को प्रधानाचार्य पद से हटा दिया था, जिससे दोनों के बीच विवाद चल रहा था। आरोप है कि इसी रंजिश में रामखिलावन ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर विद्याराम की हत्या कर दी। इस घटना की सूचना मिलते ही माधोगढ़ सीओ राम सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने एक आरोपित को हिरासत में लिया है, पूछताछ जारी है।

# 25 फरवरी को वहलना में होगा श्री गुप्ति सागर जी महाराज का आगमन

मुजफ्फरनगर, 23 फरवरी (बु.)। रविवार को 26 वर्षों के बाद भगवत कृपा से श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र वहलना की पावन धरा पर उपाध्याय मुनि श्री 108 गुप्ति सागर जी महाराज के ससंघ का भव्य मंगल प्रवेश कार्य संपन्न होगा। इस दौरान अतिशय क्षेत्र परिसर में जैन संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य गुप्तिधाम तीर्थ प्रणेता जैन संत परम पूज्य उपाध्याय 108 श्री गुप्ति सागर जी महाराज (ससंघ) का मंगल आगमन जैन समाज के लिए यह अस्मरणीय साबित होगा।

श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र वहलना के मीडिया प्रभारी रोहित जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि जैन संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य गुप्तिधाम तीर्थ प्रणेता जैन संत परम पूज्य उपाध्याय 108 श्री गुप्ति सागर जी महाराज (ससंघ) का मंगल आगमन प्रवेश आगामी मंगलवार 25 फरवरी को शाम 4 बजे श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र वहलना में 26 वर्षों के बाद होगा। उन्होंने बताया कि महाराज श्री के आगमन के लिए मंदिर प्रबंध कमेटी द्वारा विशेष तैयारी की गई है। 26 वर्ष के बाद मुनि श्री का वहलना की पावन धरा पर आगमन होने से सकल जैन समाज मुजफ्फरनगर में खुशी की लहर है।

# आगरा में इकलौते भाई और दो बहनों का एक साथ उठेगा जनाजा

आगरा, 23 फरवरी (एजेंसी)। हाथरस के सादाबाद थाना क्षेत्र में गांव बढार के पास शनिवार को हुई सड़क दुर्घटना में आगरा के तीन सगे भाई-बहन और एक छात्रा की मौत हो गई। दुर्घटना में इकलौते भाई और दो बहनों की मौत से परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं मौहल्ले में सन्नाटा पसरा हुआ है। इकलौते भाई और दो बहनों के जनाजे रविवार को एक साथ उठेंगे। वहीं दुर्घटना में मृत अन्य छात्रा के पिता को अभी खबर नहीं दी गई है। सादाबाद सीओ हिमांशु माथुर ने बताया कि आगरा के ट्रांस यमुना थाना क्षेत्र के नगला किशनलाल निवासी शमसुद्दीन की बेटियां मुस्कान, शाहनाज, काजल और नरगिस हाथरस के इगलास स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में पढ़ती थीं। साथ ही चंदन नगर निवासी नीरज शर्मा की दो बेटियां पीहू और सिमी भी कस्तूरबा में पढ़ती हैं। शनिवार को शहनाज का भाई शहजाद अपने दोस्त वीकेश के साथ बहनों को लेने गया था। बताया गया कि रविवार को शहजाद का जन्मदिन था। ऐसे में परिजनों ने बेटियों को भाई के जन्मदिन पर घर बुलवाया था। साथ ही पड़ोसी नीरज शर्मा के कहने पर उनकी बेटी पीहू और सिमी को भी स्कूल से लेकर आ रहे थे। सीओ हिमांशु माथुर के मुताबिक सादाबाद थाना क्षेत्र के बढार गांव के पास बाइकसवार एक रिक्शा में टकरा गए। हादसे के बाद बाइक सवार युवक और तीनों छात्राएं गिर कर चोटिल हो गईं। हादसे में शहजाद, नरगिस, शहनाज और पीहू गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने नरगिस, शहनाज और पीहू को मृत घोषित कर दिया, जबकि, हालत गंभीर होने पर शहजाद को आगरा रेफर कर दिया गया, जहां उपचार के दौरान शहजाद की भी मौत हो गई। पुलिस ने शहजाद के साथ सिमी को भी एसएन मेडिकल कॉलेज भेजा था। उसका इलाज चल रहा है। पीहू की मौत की सूचना उसके घर पर नहीं दी गई है, क्योंकि, पीहू के पिता नीरज शर्मा मुंबई में काम करते हैं। घर पर मां अकेली है। ऐसे में उन्हें हादसे में चोट लगने की सूचना दी गई है। वहीं शमसुद्दीन ने बताया कि शमसुद्दीन ने बताया कि बेटा शहजाद दिल्ली में नौकरी का करता था। वह शुक्रवार शाम दिल्ली से आगरा आया था। रविवार को उसका जन्मदिन है। ऐसे में उसने बहनों के साथ जन्मदिन मनाने की सोची थी। इस लिए जन्मदिन के लिए बहनों को लेने स्कूल गया था।




# तेलंगाना: सुरंग में 11 फीट तक भरा पानी, मजदूरों के बाहर निकलने का चांस कम

नागरकुरनूल, 23 फरवरी (एजेंसी)। तेलंगाना में सुरंग का एक हिस्सा ढहने से भीतर फंसे मजदूरों के बचने की संभावना कम है। हादसे में श्रीशैलम सुरंग नहर परियोजना के अंदर करीब 14 किलोमीटर दूर आठ मजदूर फंसे हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन तेजी से चल रहा है, लेकिन पानी और मलबे की वजह से बचाव कार्य चुनौतीपूर्ण हो गया है। सुरंग में ऑक्सीजन और बिजली की सप्लाई बहाल कर दी गई है। पानी निकालने और मलबा हटाने का काम तेज किया जा रहा है। बचाव दल ने 13.5 किलोमीटर दूर से मजदूरों को आवाज दी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। अभी भी 200 मीटर का हिस्सा बचा है, जहां मजदूर हो सकते हैं। टीमों को उनके पास पहुंचने के बाद ही असल स्थिति का पता चलेगा। रेस्क्यू ऑपरेशन अभी भी जारी है। मजदूरों के परिवार और पूरे देश की निगाहें इस बचाव अभियान पर टिकी हुई हैं। रेस्क्यू में शामिल सिंगरेनी कोलियरीज के जनरल मैनेजर श्रीनिवास रेड्डी ने बताया कि सुरंग में 11 किलोमीटर तक पानी भर गया है। मजदूरों के बाहर आने की संभावना बहुत कम है, लेकिन हम पूरी कोशिश कर रहे हैं। रविवार को जिला कलेक्टर बी. संतोष ने जानकारी दी कि रेस्क्यू टीम सुरंग के उस हिस्से तक पहुंच गई है, जहां घटना के समय टीबीएम (टनेल बोरिंग मशीन) काम कर रही थी। हालांकि, गाद के कारण आगे बढ़ना मुश्किल हो रहा है। एनडीआरएफ अधिकारी ने बताया कि शनिवार रात को एक टीम सुरंग में गई थी। वहां बहुत सारा मलबा और पानी भरा हुआ था। टीबीएम क्षतिग्रस्त हो चुकी है और उसके टुकड़े बिखरे पड़े हैं। उन्होंने कहा कि 13.5 किलोमीटर तक हमारी टीम पहुंच चुकी है, लेकिन वहां दो किलोमीटर पानी भरा है। भारी मशीनें अंतिम बिंदु तक नहीं पहुंच पा रही हैं। पानी निकालने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है।

# बोर्ड परीक्षा की तैयारी पूर्ण, परीक्षा आज से शुरू

### ऑनलाइन हाजरी में गैरहाजिर रहे शिक्षकों पर रहेगी नजर ▶ बेसिक शिक्षा के 100 से अधिक शिक्षकों की अनुपस्थिति से बढ़ी चिंता

मुजफ्फरनगर, 23 फरवरी (बु.)। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था एवं सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में जनपद में सोमवार से होने वाली उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड प्रयागराज की बोर्ड परीक्षा की सभी तैयारी पूर्ण हो गई है। सुरक्षा कारणों से जनपद के 72 परीक्षा केन्द्रों पर होने वाली परीक्षा में हाईस्कूल के कुल 29,574 तथा इंटर के 28,147 परीक्षार्थियों यानि कुल 57,721 परीक्षार्थियों द्वारा प्रतिभाग किए जाने की इस बार संभावना जताई जा रही है। उक्त बोर्ड परीक्षा में वर्ष 2025 आगामी 24 फरवरी से 12 मार्च के मध्य आयोजित की जायेगी। प्रथम पाली प्रातः 8.30 बजे से 11.45 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से 5.15 बजे तक होगी। जनपद में बोर्ड परीक्षा के लिए कुल 72 परीक्षा केन्द्र ऑनलाइन निर्धारित किए गए है। 72 परीक्षा केन्द्रों में चार राजकीय, 58 अशासकीय व 10 वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड प्रयागराज की परीक्षा को नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने की दिशा में शुरू पहल के बीच परीक्षा केंद्रों पर तैनात किए गए कक्ष निरीक्षकों के साथ दो दिन पूर्व केंद्र व्यवस्थापकों ने बैठक ली थी, जिसमें ऑनलाइन हाजरी होने के बाद उसकी रिपोर्ट डीआइओएस कार्यालय पहुंची। ऑनलाइन हाजरी में 100 से ज्यादा परिषदीय स्कूलों के शिक्षक अनुपस्थित मिले, जिन्हें परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने के लिए बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर उनके नंबर भी जारी करने के लिए पत्र लिखा था। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड प्रयागराज की शुरू परीक्षाओं के बीच जिले में 72 परीक्षा केंद्रों पर पहली परीक्षा हिंदी विषय की होगी। परीक्षा की तैयारियों में 72 केंद्र व्यवस्थापक बनाए गए हैं, जहां 2,843 कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई है, इसमें माध्यमिक स्कूलों के 1,448 और बेसिक शिक्षा विभाग स्कूलों के 1,395 शिक्षकों को बतौर कक्ष निरीक्षक बनाया गया। दो दिन पूर्व शनिवार को उक्त तमाम परीक्षा केंद्रों पर केंद्र व्यवस्थापकों ने इन कक्ष निरीक्षकों के साथ बैठक ली। शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के तहत कक्ष निरीक्षकों की हुई ऑनलाइन हाजरी में माध्यमिक शिक्षा विभाग के कक्ष निरीक्षक बैठक में पहुंचे और ड्यूटी को लेकर केंद्र व्यवस्थापकों को यह भरोसा देते हुए ड्यूटी के लिए ऑनलाइन हाजरी लगाई, लेकिन 1,395 परिषदीय विद्यालयों के कक्ष निरीक्षकों में 100 से अधिक शिक्षक बैठक में ही नहीं पहुंचे, जिसके चलते ऑनलाइन हाजरी में पकड़ में आ गए। इसे लेकर डीआईओएस कार्यालय की ओर से बीएसए संदीप कुमार व सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को इन अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों से अवगत कराया। बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि जो शिक्षक बैठक में पहुंचकर ऑनलाइन हाजरी नहीं लगा सके, इसके लिए सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे उन शिक्षकों को पहली परीक्षा के दिन ही केंद्रों पर ड्यूटी के लिए वहां भेजे, उन्हें स्कूलों से रिलीव किया जाए।




# विराट कोहली ने तोड़ा सचिन तेंदुलकर का 19 साल पुराना रिकॉर्ड, बने वनडे इतिहास के सबसे तेज 14 हजारी

दुबई, 23 फरवरी (एजेंसी)। टीम इंडिया के धाकड़ बल्लेबाज और किंग ऑफ चेज के नाम से विख्यात विराट कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के अहम मुकाबले के दौरान एक बड़ा वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। जैसे ही विराट कोहली ने अपनी पारी में 15 रन के आंकड़े को पार किया वो वनडे क्रिकेट इतिहास में सबसे तेज गति से 14 हजार रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। विराट से पहले ये रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम दर्ज था। विराट ने सचिन तेंदुलकर को इस मुकाम पर पहुंचने के लिए 359 मैच की 350 पारियां खेलनी पड़ी थीं। वहीं विराट कोहली को इसके लिए 299 मैच की 287 पारियां खेलनी पड़ी। इस लिहाज से देखें तो विराट ने सचिन तेंदुलकर 53 पारियों के बड़े अंतर से पीछे छोड़ दिया। विराट कोहली वनडे क्रिकेट इतिहास में 14 हजार रन के आंकड़े को पार करने वाले दुनिया के तीसरे बल्लेबाज हैं। सचिन तेंदुलकर इस मुकाम पर पहुंचने वाले पहले खिलाड़ी बने थे। इसके बाद श्रीलंकाई दिग्गज कुमार संगकारा ने करियर के 402वें मैच की 372वीं पारी में ये उपलब्धि हासिल करने वाले दुनिया के दूसरे बल्लेबाज बने थे।




# पंजाब में हादसा मंडी गोबिंदगढ़ में डिवाइडर से टकराई कार, बच्चे समेत चार लोगों की मौत, गाड़ी के उड़े परखच्चे

गोविन्दगढ़, 23 फरवरी (एजेंसी)। पंजाब के मंडी गोविंदगढ़ में रविवार को भयानक हादसा हुआ है। यहां एक तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बच्चे समेच चार लोगों की मौत हुई है। पंजाब के मंडी गोविंदगढ़ में रविवार को भयानक हादसा हुआ है। यहां एक तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बच्चे समेच चार लोगों की मौत हुई है। मरने वालों में एक बच्चे, महिला और दो पुरुष हैं। मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है कि मरने वाले लोग जालंधर के रहने वाले हैं। पुलिस मृतकों की जानकारी जुटाने में जुटी है। जानकारी के अनुसार हादसा मंडी गोबिंदगढ़ नेशनल हाईवे सरहिंद से मंडी गोविंदगढ़ की ओर गोल्डन हाइट होटल के सामने हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन चारों लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई है।



# फेल हो गई आईआईटी बाबा की भविष्यवाणी, विराट कोहली फॉर्म में आए, टीम इंडिया भी जीत गई

नई दिल्ली, 23 फरवरी (एजेंसी)। टीम इंडिया ने पाकिस्तान को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल में हराया है। भारत की ओर से विराट कोहली के शानदार शतक से छह विकेट से करारी शिकस्त दी हुई है। कोहली ने एक सौ रन बनाए। आईआईटी बाबा ने भारत की जीत के साथ अपनी भविष्यवाणी में फेल हो गए। इस महत्वपूर्ण मैच को लेकर स्वयंभू बाबा अभय सिंह ने कहा था कि भारत पाकिस्तान से हार जाएगा। [illegible] बाबा ने कहा कि विराट कोहली बहुत मेहनत करेंगे, लेकिन भारत जीत नहीं पाएगा। महाकुम्भ में अपनी उपस्थिति के कारण सुर्खियों में रहने वाले स्वयंभू बाबा अभय सिंह ने हाल ही में एक चौंकाने वाली भविष्यवाणी की थी। इंस्टाग्राम लाइव के दौरान उन्होंने दावा किया था कि भारत रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच में हार जाएगा। बाबा ने न केवल यह भविष्यवाणी की, बल्कि उन्होंने भारतीय क्रिकेट के सुपरस्टार विराट कोहली का नाम भी लिया। उन्होंने कहा, चाहे कोहली से पूरी ताकत भी लगवा लो, अब जब मैंने कह दिया है, तो भारत यह मैच नहीं जीत पाएगा। दुबई में पहले हुए इस दिलचस्प मुकाबले को जानते हैं। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी जीती। बाबा आजम और इमाम उल-हक ने पहले विकेट के लिए 41 रन जोड़े। भारत की पहली जीत हार्दिक पांड्या ने मिली। इमाम 10 पर रनआउट हुए। भारत के खिलाफ कुलदीप यादव ने सबसे अधिक 3 विकेट झटके हैं। वहीं, पांड्या ने दो विकेट हासिल किए। हर्षित राणा, अक्षर पटेल और रविंद्र जडेजा ने एक-एक विकेट हासिल किए। पाकिस्तान की तरफ से सऊद शकील ने सबसे ज्यादा 62 रन बनाए। वह हार्दिक को मार डाला। 50 ओवर से पहले, पाकिस्तान 241 रन पर ऑल आउट हो गया।



## दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष होंगी आतिशी



**नई दिल्ली, 23 फरवरी (एजेंसी)।** दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी को दिल्ली विधानसभा में विपक्ष का नेता चुना गया। यह फैसला रविवार को पार्टी मुख्यालय में हुई आम आदमी पार्टी विधायक दल की बैठक में लिया गया। आप नेता गोपाल राय ने कहा, "आज विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि आतिशी दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता होंगी। चुनौतीपूर्ण समय में आतिशी ने सीएम के तौर पर दिल्ली की जनता की सेवा की है। आप एक स्वस्थ विपक्ष की जिम्मेदारी निभाएगी।" दिल्ली विधानसभा में पेश होने वाली रिपोर्ट पर आप नेता आतिशी ने कहा, "मैंने बतौर सीएम दिल्ली विधानसभा के स्पीकर को रिपोर्ट भेजी थी। ये रिपोर्ट चुनाव से पहले सीलबंद लिफाफे में विधानसभा भेजी गई थी। बीजेपी यह भ्रम फैलाने की कोशिश कर रही है कि रिपोर्ट उनकी तरफ से पेश की जा रही है। दिल्ली की जनता में फैलाई जा रही भ्रांति को जनता के सामने लाया जाना चाहिए।" उल्लेखनीय है कि भाजपा ने 5 फरवरी को हुए विधानसभा चुनावों में 70 में से 48 सीटें जीतकर आप को दिल्ली की सत्ता से बाहर कर दिया। आप संयोजक अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया समेत पार्टी के कई शीर्ष नेता भी चुनाव हार गए।

## फिर डोली भारत की धरती 3.7 तीव्रता का आया भूकंप

**नई दिल्ली, 23 फरवरी (एजेंसी)।** एक बार फिर भारत की धरती डोली है। हिमाचल प्रदेश में भूकंप आया है। रविवार (23 फरवरी) सुबह-सुबह मंडी शहर भूकंप के झटकों से थर्रा गया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, भूकंप की तीव्रता 3.7 थी। सुबह 8.42 मिनट पर लोगों ने यह झटके महसूस किए। इसके बाद लोग डरकर घरों से बाहर भागे। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, भूकंप का केंद्र 7 किलोमीटर गहराई में था। हालांकि अभी तक जान-माल की कोई हानि की खबर सामने नहीं आई है। बता दें कि पहाड़ी इलाकों में भूकंप आने की संभावना ज्यादा बनी रहती है। लाहौल स्पीति, कांगड़ा, चंबा, शिमला, कुल्लू, किन्नौर व मंडी के कई क्षेत्र भूकंप की दृष्टि से अति संवेदनशील जोन में आते है। इससे पहले शनिवार-रविवार दरमियानी रात 2 बजे बंगाल की खाड़ी में भी भूकंप आया। रिएक्टर पैमाने पर इस भूकंप की तीव्रता 4.0 मापी गई। पिछले कुछ दिनों में भारत के अलग-अलग हिस्सों में लगातार भूकंप आ रहे हैं। शुक्रवार (21 फरवरी) की शाम को उत्तराखंड भी इसी तरह थरार्या था। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में 3.5 मैग्नीट्यूड का भूकंप आया था।

## मोदी ने किया बागेश्वर धाम में पूजन-अर्चन

**गढ़ा (छतरपुर), 23 फरवरी (वार्ता)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के बागेश्वर धाम पहुंच कर वहां श्री हनुमान जी का विधिविधान से पूजन-अर्चन किया। श्री मोदी ने बागेश्वर धाम का भ्रमण भी किया। पूरे समय के दौरान



उनके साथ राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री भी उपस्थित रहे। पूजन-दर्शन के उपरांत श्री मोदी दो सौ करोड़ से अधिक रुपयों की लागत से बनने वाले कैंसर अस्पताल की आधारशिला रखेंगे। वे लोगों को संबोधित करने के बाद वापस खजुराहो होते हुए भोपाल के लिए रवाना हो जाएंगे। श्री मोदी भोपाल में आज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद रात्रिविश्राम राजभवन में करेंगे और कल यानी 24 फरवरी को दो दिवसीय ग्लोबल इंवेर्स्टस समिट का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वापस दिल्ली रवाना हो जाएंगे।

## महिलाओं से किया गया वादा शत-प्रतिशत पूरा होगा : रेखा

**नयी दिल्ली, 23 फरवरी (वार्ता)** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने विधानसभा चुनाव के दौरान महिलाओं से जो वादे किये हैं, उन्हें पूरा किया जायेगा। श्रीमती गुप्ता ने दिल्ली भाजपा के कार्यालय 14 में विधानसभा सत्र को लेकर हुई विधायक दल की बैठक के बाद संवाददाताओं से आज यहां कहा, दिल्ली को लेकर हमने जो वादे किये हैं, वे पूरे होंगे। आम आदमी पार्टी (आप) की पूर्ववर्ती सरकार ने हमारे लिए खाली खजाना छोड़ा है, इसके बावजूद सभी किए गए वादे पूरे होंगे।ह्व उन्होंने कहा, सोमवार को विधानसभा का सत्र शुरू होगा। नवनिर्वाचित विधायक शपथ लेंगे और विधानसभा के अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष का चयन होगा।

# ई-रिक्शा की बैट्री में लगी आग, ई-रिक्शा हुई खाक

**मुजफ्फरनगर, 23 फरवरी (बु.)।** एक के बाद एक आए दिन ई-रिक्शाओं व इलेक्ट्रोनिक वाहनों में आग की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। रविवार को भी उस समय अफरा तफरी मच गयी जब कच्ची सड़क स्थित गाजावाली पुलिया पर एकाएक एक ई- रिक्शा की बैट्री में आग लग गयी और देखते ही देखते ई-रिक्शा वहीं खड़ी-खड़ी स्वाह हो गयी। बताया जाता है कि सरवट के रहने वाले विजयपाल ने कल शनिवार को ही नई बैट्री रखवाई थी और बैट्री के कारण ही उसकी ई- रिक्शा में आग लगी, घटना में उसकी जान तो बच गयी मगर ई- रिक्शा पूरी तरह खाक हो गयी। आपको बता दें कि चंद दिन पहले गांधी कॉलोनी फ्लाई ओवर पर भी इसी तरह से ई-रिक्शा में आग लग गयी थी और उसमें बैठी सवारियों व चालक ने बामुश्किल अपनी जान बचाई थी। सिर्फ ई- रिक्शाओं में ही नहीं दुपहिया वाहनों में भी इस प्रकार की कई घटनाएं अकेले मुजफ्फरनगर में ही हो चुकी हैं। ऐसे में इलेक्ट्रोनिक वाहनों पर तरह-तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। ऐसी घटनाओं को देखते हुए आमजन का इलेक्ट्रोनिक दुपहिया व चौपहिया वाहन लेने से मन कतराने लगा है।





## शाहपुर पुलिस ने खनन में शामिल जेसीबी को सीज किया

**शाहपुर, 23 फरवरी (बु.)।** क्षेत्र के गांव पलड़ी में खनन करते पकड़ी गई ट्रैक्टर ट्रॉली व जेसीबी मशीन को ने अधिकारियों के आदेश पर सीज कर दिया है। पुलिस कार्रवाई से खनन करने वालो में हड़कंप मचा हुआ है। शाहपुर थाना प्रभारी दीपक चौधरी ने बताया कि पुलिस को क्षेत्र में खनन होने की शिकायत मिल रही थी। कई बार पुलिस ने खनन करने वालों को पकड़ने का प्रयास किया था, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही फरार हो जाते थे। उन्हें पकड़ने में सफलता नहीं मिल रही थी। पुलिस ने गांव पलड़ी में खनन करती एक जेसीबी मशीन व एक ट्रैक्टर ट्रॉली को मौके पर पहुंचकर पकड़ लिया। पुलिस के पहुंचने पर तीन चार ट्रैक्टर ट्रॉले मौके से भागने में सफल रहे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अधिकारियों के आदेश पर जेसीबी मशीन को सीज कर दिया है। बताया जाता है कि जेसीबी मालिक गांव पलड़ी का ही है, जिसे पुलिस तलाश कर रही है। जो काफी समय से क्षेत्र में लगातार खनन कर रहा था।



चैम्पियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान पर भारत की शानदार के बाद शिवचौक पर जश्न मनाते मंत्री कपिल देव अग्रवाल व अन्य क्रिकेट प्रेमी।



दुबई में भारत की जीत का जश्न मनाते मुजफ्फरनगर के क्रिकेट प्रेमी

# अपने को सबसे दमदार जाहिर कराने वाली मुजफ्फरनगर पुलिस अब तक मुख्य आरोपी जुऐब सहित दर्जनों आरोपियों को नहीं पकड़ पाई

## कीआ मोटर्स के स्वामी को भी दो दिन हिरासत में बैठाकर आराम से छोड़ दिया गया

**मुजफ्फरनगर, 23 फरवरी (बु.)।** कीआ मोटर्स पर कई दर्जन ग्राहकों के करोड़ों रुपये फंस जाने के बाद पुलिस की सुस्त रफ्तार के चलते अभी तक दो मामूली से कर्मचारी भी पुलिस की पकड़ में नहीं आ सके हैं। उक्त दो कर्मचारियों की सर्वाधिक चर्चा इसलिए है क्योंकि इन्हीं को मुख्य आरोपी माना जा रहा है। ग्राहकों की माने तो जुऐब खान ने ग्राहकों को झांसा देकर सस्ती गाड़ी नकद देने के नाम पर अलग-अलग ग्राहकों से करोड़ों रुपये इकट्ठा कर लिये और गायब हो गए। इस मामले में लगभग दस दिन पहले महलका मोटर्स प्रा.लि. के नाम से नेशनल हाइवे पर चलने वाली कीआ कारों की फर्म पर जमकर हंगामा हुआ था। शोरूम के मालिक द्वारा चंद लोगों को गाड़ियां दे दी गयी थी, उसके बाद मुकदमा दर्ज करके पुलिस द्वारा शोरूम के मालिक को आसानी से छोड़ दिया गया और कर्मचारियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया। मुकदमा दर्ज करने के लगभग छह दिन बाद भी मंसूरपुर पुलिस के हाथ पल्ले कुछ नहीं लगा है। ऐसे में ग्राहकों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है, इसी क्रम में अब पुट्ठी इब्राहिमपुर निवासी जनेन्द्र कुमार उर्फ बिट्टू द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया जहां बिट्टू का कहना है कि उसे अपनी बहन की शादी में सोनेट गाड़ी गिफ्ट देनी थी, जिसमें जुऐब के माध्यम से 9.30 लाख रुपये जमा कराये गए थे, वहीं पुरकाजी के नूरनगर के रहने वाले गोविन्द कुमार ने भी कार की बुकिंग के लिए रुपये जुऐब को दिये थे। उसके अनुसार जुऐब की टीम में कई और लोग भी शामिल थे। इसी तरह मंसूरपुर के नरा निवासी मुर्सलीन ने भी मुकदमा दर्ज कराया है, जिसमें उसने बताया कि उसने सोनेट कार बुक कराने के नाम पर 2.0 लाख रुपये जुऐब हसन व उसकी टीम में शामिल लविश और आयुष को दिये थे। और कई दिन तक उन्हें डिलीवरी का झांसा दिया गया मगर उन्हें डिलीवरी नहीं मिल पाई। कुल मिलाकर तीन और लोगों की तरफ से मंसूरपुर में मुकदमे दर्ज कराये गए हैं।

## महलका कीआ मोटर्स के मालिक का खामियाजा भुगत रहे हैं ग्राहक

**मुजफ्फरनगर, 23 फरवरी (बु.)।** नेशनल हाईवे-58 पर स्थित कीआ मोटर्स के शोरूम के मालिक मेरठ के रहने वाले हैं। उन्होंने मुजफ्फरनगर के मंसूरपुर में भी अपना शोरूम खोला हुआ है और इतने बड़े घोटाले के बाद शोरूम मालिक बड़े ही भोलेपन से इस प्रकरण में बचे हुए हैं। उनका कहना है कि उन्हें तो पता ही नहीं था कि उनके शोरूम पर इतना बड़ा घोटाला चल रहा है। मगर ग्राहक भी उनसे नए-नए सवाल खड़े कर रहे हैं और ग्राहकों का कहना है कि इतनी बड़ी कम्पनी के मालिक आसानी से कह रहे हैं कि उन्हें कुछ पता ही नहीं था। कीआ गाड़ियों जैसा शोरूम चलाने वाले कोई मूंगफली या रेवडी नहीं बेच रहे हैं, जिसका हिसाब नहीं रखा जा सकता। बड़ी कम्पनियों का हरेक काम नम्बर-1 में होता है तो किस तरह से कम्पनी के मालिकों को नम्बर-1 के काम की भी जानकारी नहीं है। और आधुनिक दुनिया में ये सभी काम ऑनलाइन होते हैं और समय समय पर मालिक अपने प्रतिष्ठान पर आकर अपने विश्वसनीय कर्मचारियों से पूछताछ भी करते हैं। ऐसे में ग्राहक खुलेआम कह रहे हैं कि कीआ मोटर्स के मालिक उनकी आंखों में इसलिए धूल झोंक रहे हैं, क्योंकि पुलिस ने उनके विरुद्ध कोई मुकदमा दर्ज ही नहीं किया। सभी मुकदमे सिर्फ कर्मचारियों के विरुद्ध हैं। पुलिस की कृपा से ही आमजन पक्के पैसों की रसीदें लेकर इधर- उधर धक्के खा रहा है और सिफारिशें कर रहा है। पुलिस सिर्फ कर्मचारियों पर मुकदमा दर्ज कर अपनी औपचारिकता पूर्ण कर रही है।

## नलकूप चोरी का खुलासा, तीन चोर दबोचे



**मीरापुर, 23 फरवरी (बु.)।** छह दिन पूर्व कुतुबपुर में 8 किसानों के नलकूप में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने राजफाश कर दिया है। पुलिस ने तीन चोरों को गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया। मीरापुर इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा ने बताया कि छः दिन पूर्व चोरों ने कुतुबपुर गांव निवासी पांच किसानों के नलकूप में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने शनिवार की देर रात डिगढ़ेरा रोड से कुतुबपुर निवासी सतीश उर्फ हवलदार पुत्र सुखबीर व रोहित पुत्र नत्थन तथा मीरापुर निवासी वसीम पुत्र यासीन को गिरफ्तार किया है, जबकि घटना में शामिल इनका एक साथी अभी फरार है। पुलिस को आरोपियों के कब्जे से 2.6 किग्रा तांबे का तार, तीन स्टार्टर, एक बाइक रेहडा बरामद हुआ है। पुलिस ने अनुसार आरोपी दिन में रेकी करके रात में चोरी की घटना को अंजाम दिया करते थे।

## तमंचे सप्लाई करने वाला युवक पुलिस की गिरफ्त में

### कब्जे से 5 तमंचे और 5 कारतूस हुए बरामद

**बुढ़ाना, 23 फरवरी (बु.)।** अवैध तमंचे सप्लाई कर आपराधिक वारदातों को बढ़ावा देने वाले एक युवक को बुढ़ाना पुलिस ने अपनी गिरफ्त में लेते हुए जेल भेज दिया। पुलिस टीम ने युवक के पास से 5 अवैध तमंचे और 5 कारतूस भी बरामद किए हैं। इन सभी अवैध शस्त्रों को उक्त युवक बड़कता पुलिया पर किसी को बेचने के लिए आया हुआ था कि पुलिस ने दबोच लिया। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल के निर्देश पर बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र ने रविवार के दिन बुढ़ाना कस्बा पुलिस चौकी के इंचार्ज ललित कसाना, सब इंस्पेक्टर अभिषेक कुमार, कांस्टेबल गजेंद्र सिंह और हरीश पाल सिंह के सहयोग से गश्त करने के दौरान किसी खास मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर एक संदिग्ध युवक को बड़ौत रोड वाया बड़कता मार्ग पुलिया से घेरकर पकड़ लिया, जिसके पास से



पुलिस टीम ने 05 अवैध तमंचे और 05 कारतूस बरामद किए। पूछताछ के दौरान युवक ने अपना नाम मयंक कुमार उर्फ सागर पुत्र रविन्द्र कुमार निवासी नसीरपुर हाल निवासी मौहल्ला कृष्णापुरी बुढ़ाना बताया। पुलिस ने युवक को लिखापढ़ी के बाद जेल भेज दिया।

# तीन दिनों के लिए बेरिकेडिंग करने में जुटा पालिका प्रशासन

**चौराहों में सख्त दिखी सुरक्षा व्यवस्था, भोलों को मिली राहत ▸ हर ओर गूंज उठे बोल बम के जयकारे, दिखाई दिया उत्साह**

**मुजफ्फरनगर, 23 फरवरी (बु.)।** धार्मिक कांवड़ यात्रा मेले को निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने की दिशा में शुरू कवायदों के बीच अनहोनी की आशंकाओं के बीच प्रशासन ने यात्रा मार्ग को दुरूस्त करने के साथ मदीना चौक से मीनाक्षी चौक तक शहर को दो भागों में बांटने की तैयारी शुरू कर दी है। कांवड़ यात्रा को लेकर अलर्ट मोड़ पर आए जिला प्रशासन इस बीच जहां व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटा है, वहीं पालिका प्रशासन अपनी तैयारियों को पूर्ण कराने की कड़ी में लगा है। रविवार को अभियान की इस कड़ी में पालिका प्रशासन की ओर से कांवड यात्रा को लेकर शुरू तैयारियों के बीच जहां एक ओर नावल्टी चौक को बंद कर दिया है, वहीं अस्पताल तिराहे से कच्ची सड़क होते हुए मदीना चौक तक डिवाईडर पर बल्ली बांधने के साथ आवागमन को व्यवस्थित करने की पहल शुरू कर दी है। वहीं सोमवार तक नगर के शिव चौक से मीनाक्षी चौक और भगत सिंह रोड आदि स्थानों पर बेरिकेडिंग कराने की तैयारी शुरू कर दी है। इस कड़ी में शिवचौक के आसपास के क्षेत्र में बेरिकेडिंग कराए जाने की इस बीच तैयारी की है, ताकि नगर में आने वाले शिवभक्तों के मार्ग में कोई परेशानी न आए और शिवभक्त गंतव्य की ओर आराम से बढ़ सकें। फाल्गुन मास में भगवान भोले को जलाभिषेक कराने के पवित्र संकल्पों के साथ देवभूमि हरिद्वार से बाबा आशुतोष के भक्त कांधे पर क्षमता के अनुरूप गंगाजल लेकर पैदल ही अपने साथी भोलों के साथ गंतव्य की ओर बढ़ रहे हैं। इन्हीं शिवभक्तों की सुरक्षा व सुविधा की दिशा में जिला व पालिका प्रशासन बीते दो दिनों से अलर्ट मोड़ पर है। व्यवस्था को सुधारने की खातिर जहां नगर क्षेत्र में कांवड़ मार्ग पर वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, वहीं ई-रिक्शा संचालन पर कुछ क्षेत्रों में प्रतिबंध लगाने के साथ



मार्ग को डिवाईडर पर बेरिकेडिंग करते हुए शिवभक्तों की यात्रा को सुगम बनाने का बड़ा काम किया है। आने वाले कांवड़ियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए जिला प्रशासन के साथ अन्य विभागों के सहयोग से तैयारियों में जुटी है। भगवान शिव के भक्त हरिद्वार से गंगा जल लेकर अपने-अपने क्षेत्रों के शिवालयों में भगवान आशुतोष का जलाभिषेक करते हैं। इस कड़ी में पालिका प्रशासन एक ओर कांवड मार्ग पर सफाई के साथ पथ प्रकाश, जल निकासी, पेयजलापूर्ति, बेरिकेडिंग आदि तमाम कार्य करने में जुटी हुई है। रविवार को इस कड़ी शिव चौक और उसके आसपास के क्षेत्र में बेरिकेडिंग शुरू करा दी है।

## चैंपियंस ट्रॉफी, स्पेस सेंचुरी और मोटापा समेत सब मुद्दों पर पीएम मोदी ने की 'मन की बात'

**नई दिल्ली, 23 फरवरी (एजेंसी)।** पीएम मोदी ने अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' में सबसे पहले क्रिकेट की बात की है। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, इन दिनों चैंपियंस ट्रॉफी चल रही है और हर तरफ क्रिकेट का माहौल है। क्रिकेट में सेंचुरी का रोमांच क्या होता है, ये तो हम सब भली-भांति जानते हैं, लेकिन आज मैं, आप सबसे क्रिकेट नहीं, बल्कि भारत ने स्पेस में जो शानदार सेंचुरी बनाई है उसकी बात करने वालां हूं। पिछले महीने देश इसरो के 100वें रॉकेट की लॉन्चिंग के साक्षी बने हैं। यह केवल एक नंबर नहीं है, बल्कि इससे स्पेस विज्ञान में नित नई ऊंचाइयों को छूने के हमारे संकल्प का भी पता चलता है। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा- हमारी स्पेस यात्रा की शुरूआत बहुत ही सामान्य तरीके से हुई थी। इसमें कदम-कदम पर चुनौतियां थीं, लेकिन हमारे वैज्ञानिक, विजय प्राप्त करते हुए, आगे बढ़ते ही गए। समय के साथ अंतरिक्ष की इस उड़ान में हमारी




सफलताओं की सूची काफी लंबी होती चली गई। लॉन्च व्हीकल का निर्माण हो, चंद्रयान की सफलता हो, मंगलयान हो, आदित्य एल-1 या फिर एक ही रॉकेस से, एक ही बार में, 104 सैटेलाइट को अंतरिक्ष में भेजने की अभूतपूर्व मिशन हो - इसरो की सफलताओं का दायरा काफी बड़ा रहा है। बीते 10 वर्षों में ही करीब 460 सैटेलाइट्स लॉन्च की गई हैं और इसमें दूसरे देशों की भी बहुत सारी सैटेलाइट्स शामिल हैं। पीएम मोदी ने कहा- हाल ही में, मैं एक बड़े सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए पेरिस गया था। वहां दुनिया ने इस क्षेत्र में भारत की प्रगति की खूब सराहना की। हमारे देश के लोग आज अकका उपयोग किस-किस तरह से कर रहे हैं, इसके उदाहरण भी हमें देखने को मिल रहे हैं। बता दें कि, पिछली बार मन की बात का 118वां एपिसोड गणतंत्र दिवस से पहले प्रसारित किया गया था। मन की बात कार्यक्रम के 119वें संस्करण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'अगले महीने 8 मार्च को 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' है। यह हमारी नारी-शक्ति को नमन करने का एक विशेष अवसर होता है। देवी माहात्म्य में कहा गया है - विद्या : समस्ताः तव देवि भेदाः स्त्रीयः समस्ताः सकला जगत्सु। अर्थात सभी विद्याएं, देवी के ही विभिन्न स्वरूपों की अभिव्यक्ति हैं और जगत की समस्त नारी शक्ति में भी उनका ही प्रतिरूप है। हमारी संस्कृति में बेटियों का सम्मान सर्वोपरि रहा है।' इस दौरान पीएम मोदी ने कहा- इस बार महिला दिवस पर मैं एक ऐसी पहल करने जा रहा हूं, जो हमारी नारी-शक्ति को समर्पित होगी।

## 'अमेरिका से आया 21 मिलियन डॉलर...', अखिलेश यादव ने ट्रंप का वीडियो शेयर कर पूछा सवाल

**नई दिल्ली, 23 फरवरी (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली बीजेपी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने मोदी सरकार के जरिये देश की अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन डॉलर बनाने के दावों पर सवाल खड़े किए। उन्होंने बीजेपी की 'डबल इंजन' सरकार पर



अप्रत्यक्ष परोक्ष रूप से तटाक्ष करते हुए आरोप लगाया कि कहीं इनमें से एक इंजन 'विदेशी' तो नहीं है? उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा प्रमुख अखिलेश यादव अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर करते हुए भारतीय जनता पार्टी सरकार पर सवाल खड़े किए। उन्होंने एक्स (पहले ट्विटर) पर लिखा, "जनता पूछ रही है कि भाजपा ट्रिलियन-ट्रिलियन डॉलर का जो राग अलाप रही है, उसमें अमेरिका से आया 21 मिलियन डॉलर भी जुड़ा है क्या?" जनता पूछ रही है कि भाजपा ट्रिलियन-ट्रिलियन डॉलर का जो राग अलाप रही है, उसमें अमेरिका से आया 21 मिलियन डॉलर भी जुड़ा है क्या? जनता ये भी पूछ रही है कि कहीं डबल इंजन में एक इंजन विदेशी तो नहीं है? समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने आगे लिखा, "जनता ये भी पूछ रही है कि कहीं डबल इंजन में एक इंजन 'विदेशी' तो नहीं है?" उनका यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उन दावों के बाद आया है।

# संत निरंकारी मिशन द्वारा शुकतीर्थ में गंगा तट पर आयोजित हुआ स्वच्छता अभियान

**'प्रोजेक्ट अमृत' के अंतर्गत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' परियोजना के तृतीय चरण का भव्य शुभारंभ**

**भोपा, 23 फरवरी (बु.)।** संत निरंकारी मिशन की सेवा भावना और मानव कल्याण के संकल्प को साकार करने हेतु 'प्रोजेक्ट अमृत' के अंतर्गत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' परियोजना के तृतीय चरण का भव्य शुभारंभ आज देशभर में परम श्रद्धेय सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं सत्कार योग्य निरंकारी राजपिता रमित के पावन सान्निध्य में किया गया। इसी श्रृंखला में प्रोजेक्ट अमृत के अन्तर्गत सन्त निरंकारी मिशन की ब्रांच-मुजफ्फरनगर में ह्यह्यस्वच्छ जल -स्वच्छ मनह्यह्य का यह स्वच्छता अभियान शुक्रताल में प्रवाहित जीवन व मोक्षदायिनी गंगा-तट पर रविवार को प्रातः 7:30 बजे से 11:30 बजे तक आयोजित किया गया, जिसमें सन्त निरंकारी मिशन से जुड़े सैकड़ों स्वयंसेवकों सहित साध-संगत के सैकड़ों पुरुष व महिला अनुयायी उपस्थित होकर अपनी सेवायें अर्पित की। इस अवसर पर जनपद के जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह एवं एसडीएम सुबोध कुमार, तहसीलदार जानसठ सहित श्री गंगा सेवा समिति शुक्रतीर्थ के पदाधिकारियों ने सेवादल के स्वयंसेवकों को इस अभियान में बढ़-चढ़कर की गयी सेवा करने पर प्रोत्साहित किया।

सहारनपुर जोन के जोनल इंचार्ज कुलभूषण चौधरी ने बताया कि इस परियोजना का उद्देश्य जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है, ताकि भावी पीढ़ियों को निर्मल जल और स्वस्थ पर्यावरण का वरदान प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि संत निरंकारी मिशन ने बाबा हरदेव सिंह महाराज की प्रेरणादायक शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए वर्ष 2023 में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 'प्रोजेक्ट अमृत' का शुभारंभ किया था। इस दिव्य पहल का उद्देश्य केवल जल स्रोतों की स्वच्छता सुनिश्चित करना ही नहीं, बल्कि जल संरक्षण को मानव जीवन का अभिन्न अंग बनाने की सोच को विकसित करना है। नदियों, झीलों, तालाबों, कुओं और झरनों जैसे प्राकृतिक जल स्रोतों की स्वच्छता एवं संरक्षण को समर्पित इस महाअभियान ने अपने पहले दो चरणों में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की। इसी प्रेरणा के साथ, इस वर्ष तृतीय चरण को और अधिक व्यापक, प्रभावी एवं दूरगामी दृष्टि से आगे बढ़ाया गया है, ताकि यह अभियान निरंतर विस्तार पाकर समाज में जागरूकता, सेवा और समर्पण की एक सशक्त लहर उत्पन्न करें। इस अवसर पर जनपद संयोजक हरीश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह वृहद अभियान देशभर में 27 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के 900 से अधिक शहरों में 1600 से भी अधिक स्थानों पर एक साथ आयोजित किया गया। सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज यही प्रेरणा देते हैं कि हम इस धरती को और भी अधिक सुंदर स्वरूप में छोड़कर जाएं। यह अभियान उसी संकल्प का एक साकार स्वरूप है, जो समाज को जागरूकता, सेवा और समर्पण की दिशा में आगे बढ़ाने का कार्य करेगा। स्वच्छता अभियान के इस कार्यक्रम में संत निरंकारी मिशन की ब्रांच रामराज, शेरपुर खादर, बलवाखेड़ी व पुरकाजी के सेवादल स्वयंसेवकों व साध-संगत ने भी अपनी सेवाएँ प्रदान की। इस अवसर पर डॉ. सत्यपाल सिंह, श्री गंगा सेवा समिति शुक्रतीर्थ के पदाधिकारियों देवेन्द्र सिंह, महकार सिंह, सतबीर सिंह, अरुण गर्ग व मयंकार सिंह आदि उपस्थित थे। सेवादल संचालक नवीन कुमार व शिक्षक दीपक त्यागी के निर्देशन में सेवादल के भाई-बहनों ने अपनी सेवाएं अर्पित की।





# विराट शतक से पाकिस्तान हुआ पराजित

**दुबई,23 फरवरी (वार्ता)** कुलदीप यादव (तीन विकेट) और हार्दिक पंड्या (दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद विराट कोहली (नाबाद 100 ) की शतकीय और श्रेयस अय्यर (56 ) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारत ने रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी के पांचवें मुकाबले में 45 गेंदें शेष रहते पाकिस्तान को छह विकेट से हरा दिया है। पाकिस्तान के 241 के स्कोर के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी भारत के रोहित शर्मा और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी तेज शुरूआत करने का प्रयास किया। पांचवें ओवर में शाहीन शाह अफरीदी ने रोहित शर्मा (20) को बोल्ड आउटकर भारत को पहला झटका दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये विराट कोहली ने शुभमन गिल के साथ मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिये 69 रनों की साझेदारी हुई। 18वें ओवर में अबरार अहमद ने शुभमन गिल को बोल्ड कर पाकिस्तान को दूसरी सफलता दिलाई। शुभमन गिल ने 52 गेंदों में सात चौके लगाते हुए (46) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये श्रेयस अय्यर ने विराट कोहली के साथ तीसरे विकेट के लिए 114 रनों की साझेदारी कर भारत की जीत सुनिश्चित कर दी। 39वें ओवर में खुशदिल शाह ने श्रेयस को इमाम अल हक के साथ कैच आउट करा दिया। श्रेयस ने 57 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए (56) रनों की पारी खेली। हार्दिक पंड्या (आठ) शाहीन शाह अफरीदी का शिकार बने। विराट कोहली ने 43वें ओवर की तीसरी गेंद पर चौका लगाकर अपना शतक पूरा किया और भारत को छह विकेट से जीत दिला दी। अक्षर पटेल (तीन) रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान की ओर शाहीन




शाह अफरीदी को दो विकेट मिले। खुशदिल शाह और अबरार अहमद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां पाकिस्तान के कप्तान मोहमम्द रिजवान ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान के लिए इमाम-उल-हक और बाबर आजम की सलामी जोड़ी ने संभल कर शुरूआत करते हुए पहले विकेट के लिए 47 रन जोड़े। नौं ओवर में हार्दिक पंड्या ने बाबर आजम (23) को केएल राहुल के हाथों कैच आउट कराकर पाकिस्तान को पहला झटका दिया। इसके बाद अभी स्कोर में छह और रन जुड़े थे कि अक्षर पटेल ने इमाम-उल-हक (10) को रन आउटकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद सऊद शकील और कप्तान मोहमम्द रिजवान की जोड़ी ने मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 104 रनों की साझेदारी हुई। 33वें ओवर में अक्षर पटेल ने मोहम्मद रिजवान (46) को बोल्ड कर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। 36वें ओवर में हार्दिक पंड्या ने सऊद शकील को आउटकर पाकिस्तान को बड़ा झटका दिया। सऊद शकील ने 76 गेंदों में पांच चौकों की मदद से (62) रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। तय्यब ताहिर (चार) को रवींद्र जड़ेजा ने बोल्ड किया। 43वें ओवर में आगा सलमान (19) को कुलदीप ने अपना शिकार बनाया। इसी ओवर में कुलदीप ने शाहीन शाह अफरीदी (शून्य) को भी आउट किया। 47वें ओवर में कुलदीप ने नसीम शाह (14) को आउटकर भारत को आठवीं सफलता दिलाई। हारिस रउफ (आठ) रनआउट हुये। 49वें ओवर की चौथी गेंद पर हर्षित राणा ने खुशदिल शाह को कोहली के हाथों कैच आउट पाकिस्तान को 241 के स्कोर पर रोक दिया। खुशदिल ने 39 गेंदों में दो छक्के लगाते हुए (38) रनों की पारी खेली।

## कैमूर में दर्दनाक सड़क हादसा, महाकुंभ से लौट रही श्रद्धालुओं से भरी गाड़ी ट्रक से टकराई, 3 की मौत

**बिहार, 23 फरवरी (एजेंसी)।** बिहार के कैमूर जिले में रविवार की सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। कुदरा थाना क्षेत्र के चिलबिली के पास एनएच-19 पर खड़े कंटेनर ट्रक में तेज रफ्तार स्कार्पियो ने टक्कर मार दी, जिससे स्कॉर्पियो सवार एक महिला समेत तीन लोगों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। आसपास के लोगों ने कुदरा पुलिस और एनएचएआई को घटना की सूचना दी, जिसके बाद पुलिस और एनएचएआई की टीम मौके पर पहुंची और हादसे में शिकार लोगों को अस्पताल पहुंचाया। कैमूर के कुदरा थाना क्षेत्र के चिलबिली के पास यह हादसा हुआ है, जिसमें स्कॉर्पियो सवार महिला सहित तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए। पुलिस और एनएचएआई की टीम ने सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुदरा पहुंचाया, जहां से सभी को सदर अस्पताल भभुआ रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि स्कॉर्पियो में सवार लोग महाकुंभ से स्नान कर वापस अपने घर जा रहे थे, तभी रविवार सुबह साढ़े 5 बजे के करीब दुर्घटना का शिकार हो गए। घायलों में धनबाद जिले के सीकरी गांव के सुभाष कुमार की 55 वर्षीय पत्नी सूची देवी, स्कार्पियो चालक जमुई जिले के स्वर्गीय रजित खान के 52 वर्षीय पुत्र मोहम्मद कौशल, धनबाद जिले के सीकरी गांव के रंजीत पासवान की 35 वर्षीया पत्नी सुधा देवी और लखीसराय जिले के एटा गांव के श्रीनारायण मंडल की 22 वर्षीय पुत्री सोनी कुमारी शामिल है। हादसे में जिन तीन लोगों की मौत हुई है, उनमें से महिला की पहचान नारायण मंडल की 50 वर्षीया पत्नी मीरा देवी के रूप में हुई है। इसके अलावा 2 मृतक लोगों की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

# एटूजेड कॉलोनी में घर में घुसकर चोरी करने वाले शातिर बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 23 फरवरी (बु.)।** 21 फरवरी को एटूजेड कॉलोनी निवासी वैध संदीप ने मुकदमा दर्ज कराया था कि बदमाशों ने उसके घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था, जिसमें उसने हजारों रुपये की नकदी व मोबाइल आदि की चोरी की लिखित रिपोर्ट नई मण्डी कोतवाली में दर्ज कराई थी। पुलिस ने इस मामले में घटना से पर्दा उठाते हुए बताया कि डीआईजी एवं एसएसपी अभिषेक सिंह के आदेश पर वांछित व शातिर बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया गया था। अभियान के तहत एसआई राहुल कुमार, कर्ण कुमार आदि अपनी टीम के साथ जब मखियाली चेकपोस्ट पर रुटीन चैकिंग कर रहे थे, तभी उन्होंने संदेह के आधार पर एक युवक को पकड़ना चाहा। युवक ने भागने का प्रयास किया तो पुलिस ने उसे दबोच लिया। पूछताछ के बाद युवक रामपुरी का रहने वाला अंशु धीमान निकला। युवक से जब पूछताछ की गयी तो उसने कबूला कि एटूजेड कॉलोनी में संदीप वैध के घर चोरी की घटना को उसी ने अंजाम दिया था। पुलिस ने उसके पास से 61 हजार रुपये नकद व एक मोबाइल बरामद किया और इसकी पुष्टि के लिए सीसीटीवी फुटेज निकालकर उसके चेहरे का मिलान किया गया तो वह चोरी करने वाला अंशु धीमान ही निकला। पुलिस ने कोर्ट में पेश करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया।

## महिला की आहारनली में फंसी मछली की हड्डी सफलतापूर्वक निकाली गई

**तिरुवनंतपुरम, 23 फरवरी (वार्ता)** केरल स्थित किम्सहेल्थ की टीम ने 55 वर्षीय महिला की आहार नली में फंसी मछली की हड्डी सफलतापूर्वक निकाल दी है। किडनी की बीमारी सहित कई समस्याओं से पीड़ित मरीज गले में तकलीफ होने पर आपातकालीन विभाग में आया। गर्दन के सीटी स्कैन में अन्नप्रणाली के ऊपरी हिस्से में 2.5 गुणा 1.5 सेमी आकार की कोई वस्तु दिखाई दी। कठोर एसोफैगोस्कोपी में ऊपरी अन्नप्रणाली की दीवार पर मवाद के साथ एक अल्सर पाया गया। अल्सर से मवाद निकालने के बाद कोई असामान्य निष्कर्ष नहीं मिला।